## केंद्रीय मंत्री ने कहा, ट्रेड शो की सफलता उत्तर प्रदेश की बढ़ती ताकत को दिखा रहा

# यूपी के बहुमुखी विकास का मॉडल प्रेरणादायक : गोयल

UP INTERNATIONAL TRADE SHOW
25-29 सितंबर 2024

नोएडा/लखनऊ, हिटी। केंद्रीय वाणिज्य औद्योगिक मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश जिस तरह बहुमुखी विकास का मॉडल बना है, वह देश को विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनाने में काफी सहायक हो रहा है। उन्होंने कहा, इस ट्रेड शो की सफलता उत्तर प्रदेश की बढ़ती हुई ताकत को दर्शाती है।

ट्रेड शो में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आए केंद्रीय मंत्री ने कहा, यहां जिस तरह बायर्स आ रहे हैं और उत्पादों के प्रति अपनी रुचि दिखा रहे हैं, वह देश के औद्योगिक विकास को नई ऊंचाई प्रदान करेगा। गोयल ने कहा कि प्रदेश सरकार जिस तरह कौशल विकास की तरफ फोकस कर रही है, उससे प्रदेश में रोजगार बढ़ रहा है। इसका फायदा उद्यमियों को भी मिल रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, योगी सरकार जिस तरह केंद्र की योजनाओं को लागू कर रही है, वह भी अपने-आप में काफी महत्वपूर्ण है। कौशल विकास, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के साथ ही स्मार्ट सिटीज के डेवलपमेंट पर भी प्रदेश सरकार जिस तरह फोकस कर रही है, उससे प्रदेश, देश की शान बना है।



नोएडा में आयोजित यूपी ट्रेड शो में शनिवार को केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के साथ प्रदेश के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान व अन्य।

### कौशल विकास मिशन सर्वश्रेष्ठ स्टाल

ट्रेड शो में यूपी कौशल विकास मिशन को सर्वश्रेष्ठ स्टॉल का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और प्रदेश के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने अपर मिशन निदेशक प्रिया सिंह को सर्वश्रेष्ठ स्टॉल का पुरस्कार स्वरूप ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया। प्रदेश के सूचना प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन स्टैंड के लिए सम्मानित किया गया है।

### यूरोप का ग्रुप 830 करोड़ निवेश करेगा

यूरोप का सिमको ग्रुप यूपी में 830 करोड़ का निवेश करने को तैयार हो गया है। यह कंपनी यूपी में कृत्रिम फेफड़े से वेंटिलेशन उपकरणों, एनेस्थीसिया और श्वसन प्रणालियों के उत्पादन, कैंडी-चॉकलेट के उत्पादन जैसी अलग-अलग परियोजनाएं लगानी चाहती है। शनिवार को यूरोप से सिमको ग्रुप के प्रतिनिधिमंडल ने औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी से मुलाकात कर निवेश का प्रस्ताव रखा।

### निवेशकों को भाया माहौल

एमएसएमई विभाग के मंत्री राकेश सचान ने कहा कि निवेशक प्रदेश में आकर्षित हो रहे हैं। 2017 में जहां केवल 88 हजार करोड़ का निर्यात होता था, आज यह दोगुना से ज्यादा बढ़ चुका है। तीसरा ट्रेड शो अगले वर्ष 25-29 सितंबर तक होगा।

### जल शक्ति स्टॉल छाया

यूपी के जल शक्ति मंत्रालय के स्टॉल के प्रवेश द्वार पर नल से जल की आकृति दर्शकों को सेल्फी के लिए आकर्षित करती है। जल जीवन मिशन पर लोकगीत दिल में उतर जाते हैं। 'मोदी योगी ने मिलकर योजना बनाई..' गीत को पसंद किया गया।

### औद्योगिक विकास को गति

औद्योगिक विकास को गति देने की दिशा में किए गए प्रयास मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। सूचना विभाग के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद ने स्टॉल्स का अवलोकन किया। उद्यमियों से संवाद किया और आयोजन के जरिए अवसरों को लेकर चर्चा की।